एक नजर में

शिवराज दो अगस्त को आएंगे पटना

पटना : बिहार के पीएम किसान सम्मान निधि योजना लाभार्थी किसानों को सशक्त करने शनिवार (दो अगस्त) को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान पटना आएंगे। एक दिवसीय बिहार यात्रा में शिवराज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के 20वीं किस्त वितरण पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम में गांधी मैदान के पास स्थित शहीद स्मारक में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय सिन्हा ने बुधवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। (जसं)

सिपाही भर्ती में कदाचार करते पकड़ाए छह

पटना: केंद्रीय चयन पर्षद की बिहार पुलिस सिपाही भर्ती लिखित परीक्षा बुधवार को राज्य के 627 केंद्रों पर हुई। 19,838 पदों के लिए पांचवे चरण में एक्स पदों में 12 से के बढ़ते तक की परीक्षा में लगभग 79 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। इनमें छह अभ्यर्थी कदाचार करते पकड़े गए। पांच को गिरफ्तार किया गया और चार पर प्राथमिकी की गई। लखनसराय, मधुपुरा से दो-दो और मधुबनी से एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया। जहानाबाद से दो, मधुपुरा और मधुबनी से एक-एक अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी की गई। (जसं)

पदाधिकारी को धमकाने के आरोप में प्राथमिकी

बिहिया (आरा) : भोजपुर जिले के बिहिया अंचल के राजस्व पदाधिकारी ने जमीन के दाखिल खारिज कराने के मामले को लेकर धमकाने एवं गाली-गलौज किए जाने को लेकर क्षेत्र के भाजपा नेता समेत चार लोगों पर बिहिया थाने में एफआइआर कराई है। उनमें दो की नामजद एवं तीन अज्ञात की आरोपित किया गया है। राजस्व पदाधिकारी रवीशरंजन तिवारी ने प्राथमिकी में भाजपा के राकेश ओझा, सुमन कुमार एवं तीन अन्य अज्ञात को आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में कहा गया है कि 26 जुलाई को सुमन कुमार तीन अन्य व्यक्तियों के साथ उनके कार्यालय में आए और बिहिया अंचल के रानीसागर स्थित एक जमीन का फर्जीवाड़ा स्थित डीसीएलआर कार्यालय द्वारा परित आदेश के आलोक में दाखिल खारिज करने को कहा। (जसं)

आशा कार्यकर्ता को अब प्रतिमाह एक की जगह तीन हजार की प्रोत्साहन राशि

ममता कार्यकर्ता को प्रसव में सहयोग के लिए अब तीन की जगह मिलेंगे छह सौ रुपये

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स हैंडल पर की घोषणा
- इसका लाभ लगभग एक लाख कार्यकर्ताओं को मिलेगा

नीतीश कुमार • फाइल

राज्य ब्यूरो, जागरण• पटना: कम वेतन या मानदेय पर काम कर रहे लोगों को आर्थिक सुरक्षा देने के अभियान के तहत राज्य सरकार ने आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं को दी जानेवाली प्रोत्साहन राशि बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसका लाभ इन दोनों श्रेणियों के लगभग एक लाख कार्यकर्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को सुबह अपने एक्स हैंडल पर यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि अब आशा कार्यकर्ताओं को एक के बदले तीन हजार रुपये हर माह दिए जाएंगे। इसी तरह ममता कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन राशि भी तीन सौ से बढ़ाकर छह सौ रुपये कर दी गई है। आशा कार्यकर्ताओं को मासिक तौर पर प्रोत्साहन राशि मानदेय के नाम से दी जाती है। जबकि ममता कार्यकर्ताओं को यह प्रोत्साहन राशि प्रसव कराने में सहयोग के लिए दी जाती है। उन्हें पहले प्रत्येक प्रसव पर तीन सौ रुपये दिए जाते थे।

नीतीश कुमार ने एक्स पर लिखा- नवंबर 2005 में सरकार बनने के बाद से हमलोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में आशा तथा ममता कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के अहम योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। आशा कार्यकर्ताओं को अब एक की जगह तीन हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही ममता कार्यकर्ताओं के प्रति प्रसव लेने की जगह छह सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इससे उनका मनोबल और बढ़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

प्रदेश में जल्द होगी 29 हजार आशा कार्यकर्ताओं की बहाली

राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना : बिहार में स्वास्थ्य विभाग जल्द ही लगभग 29 हजार आशा कार्यकर्ताओं की बहाली करेगा। इस जानकारी बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने दी। मंत्री पांडेय ने पत्रकारों से कहा कि आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि में वृद्धि के निर्णय को ऐतिहासिक भी बताया। उन्होंने कहा कि 2019 में जहां आशा कार्यकर्ताओं को हर महीने एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही थी। जिसे अब तीन गुना बढ़ाकर तीन हजार कर दिया गया है। ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 रुपये की जगह अब 600 रुपये प्रोत्साहन राशि लाभ्य। यह निर्णय स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाएगा और जमीनी स्तर पर कार्यरत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करेगा। पांडेय ने कहा कि सरकार के निर्णय का लाभ 91,094 आशा कार्यकर्ताओं, 4,364 आशा फैसिलिटेटर्स और लगभग 4,600 ममता कार्यकर्ताओं को मिलेगा।



भारत द्वारा टेस्ट मैच बचाए जाने पर इंग्लैंड के कप्तान का विवादास्पद व्यवहार !

कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने में प्रशासनिक लापरवाही पर जताई नाराजगी

विधि संवाददाता, जागरण• पटना : पटना हाई कोर्ट ने राजधानी के विभिन्न इलाकों में सरकारी जमीनों पर जारी अतिक्रमण को हटाने में प्रशासनिक लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है। न्यायाधीश पीबी बजंत्री की खंडपीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए पटना के जिलाधिकारी को अतिक्रमण हटाने के लिए अगस्त सप्ताह का समय दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि यदि तय समयावधि में कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला केंद्र सरकार को सौंपा जा सकता है।

'सफेदपोशी की आड़ में हो रहा अपराध, करना चाहिए आंदोलन'

राज्य ब्यूरो, जागरण• पटना : डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि सफेदपोशी की आड़ में गणमान्य लोग भी अपराध और मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) जैसा घिनौना काम कर रहे हैं। समाज को इनके विरोध में आंदोलन करना चाहिए, मगर समाज चुप है। इसके विपरीत मदद करने वाली पुलिस पर ही हमला कर दिया जाता है। डीजीपी ने आरा और नवादा के दो उदाहरण देते हुए कहा कि इन मामलों में जनप्रतिनिधि ही वारदातों के बीच रोधक का जरूरत अपराध कर रहे थे। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि मानव तस्करी रोकने का काम आसान नहीं है। इसका फुलप्रूफ सिस्टम है। ऐसे में कितना भी ताकतवर आदमी हो, पुलिस संस्था के कार्रवाई करे। डीजीपी बुधवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में अंतरराष्ट्रीय मानव व्यापार विषय दिवस पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

डीजीपी ने कहा कि किसी बच्चे का गुम हो जाना हत्या से भी ज्यादा पीड़ादायक है। मौत का दुख तो कुछ समय बाद घर जाता है, मगर गुमशुदा बच्चे की पीड़ा से परिवार जनप्रतिनिधियों पर भी उठाए सवाल, कहा- कितना भी ताकतवर आदमी हो, पुलिस सख्ती से कार्रवाई करे

सात हजार में पांच हजार बच्चे ही मिलते हैं वापस : डीजीपी

डीजीपी ने बताया कि बिहार से प्रति वर्ष करीब सात हजार बच्चे लापता होते हैं, जिनमें औसतन चार से पांच हजार बच्चे ही वापस मिल पाते हैं, करीब दो से तीन हजार बच्चे का कोई अता-पता नहीं चलता। ऐसे गुमशुदा बच्चों को ही भिखारी, वेश्यावृत्ति जैसे अनैतिक कार्यों में लगा दिया जाता है। इस तरह के मामलों से निपटने के लिए सभी जिलों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एचटीयू) गठित है।

रक्षाबंधन के बाद जिलों की यात्रा और प्रमंडल मुख्यालयों में होगी महागठबंधन की रैली

- रैलियों में राहुल सहित घटक दलों के बड़े नेता सहभागी होंगे, उससे पहले जारी होगा घोषणा-पत्र
- घोषणा-पत्र में भूमिहीन गरीबों को पांच डिसमिल भूखंड और पक्का मकान देने का वादा भी होगा।



राज्य ब्यूरो, जागरण• पटना : महागठबंधन-सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को बेमतलब बता चुका महागठबंधन अब इसके विरुद्ध जन-आंदोलन छेड़ेगा। इस आंदोलन में विधि-व्यवस्था, अपराधों और बिहार की बदहाली सहित दूसरे मुद्दे प्रमुख होंगे। बुधवार को तेजस्वी यादव की अध्यक्षता में हुई महागठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में इसका निर्णय लिया गया। रक्षाबंधन के बाद महागठबंधन की ओर से सभी जिलों में यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान सभी प्रमंडल मुख्यालयों में बड़ी रैली भी होगी। उसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित महागठबंधन के राष्ट्रीय स्तर के नेता सहभागी होंगे।

इससे पहले महागठबंधन अपने चुनावी घोषणा-पत्र को अंतिम रूप देगा, ताकि यात्रा के दौरान उन बातों से जनता को अवगत कराया जा सके। घोषणा-पत्र में पहले के वादों के अलावा भूमिहीन गरीबों को पांच डिसमिल भूखंड और पक्का मकान देने का वादा भी होगा। तीन घंटे तक चली महागठबंधन की यह छठी बैठक थी। उसके बाद प्रेस-वार्ता कर तेजस्वी ने सरकार पर चौतरफा आरोप लगाए। लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र और डीबीटी बिल को गबन बताया। कहा कि पंचायत के लोग वोटों की चोरी कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग को बताना चाहिए कि क्या वह ट्रैक्टर, डाग चाबू की भी मनाही बनाएगा। बिहार को इस सरकार ने बदहाल कर दिया है। पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई में बिहार पिछड़ता है। बलात्कार, गरीबी, बेरोजगारी में सबसे आगे। लो पढ़ आईए का जिम्मिल डिसआर्डर हो चुका है। दस दिन में सौ से अधिक लोगों की हत्या हुई है। हम इन मुद्दों को जनता के बीच ले जाएंगे। तेजस्वी ने एक बार फिर सरकार को नकलची बताया। कहा कि इस सरकार के पास कोई रोडमैप नहीं। वह हमारी घोषणाओं का नकल कर रहे। आरा और ममता कार्यकर्ताओं का क्रमशः मानदेय और प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की सहमति महागठबंधन सरकार के समय ही बनी थी। धर्मेंद्र सिंह से जुड़े एक प्रश्न पर तेजस्वी ने कहा कि हम लोगों पर तो मुकदमे होते ही रहते हैं। ईस-चारा में राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, सांसद संजय यादव, पूर्व मंत्री अब्दुलबारी सिद्दिकी, आलोक कुमार मेहता आदि उपस्थित रहे।

श्रद्धालु आसानी से कर सकें जलाभिषेक, ध्यान रखें डीएम

नवादा, कलमबाग : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार की सुबह अचानक जिले के मखदुमपुर स्थित के प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटक स्थल कपाबर पहाड़ी पर अवस्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर के श्रद्धालुओं के बीच पहुंच गए। उन्होंने सबसे पहले श्रद्धालुओं का अभिवादन किया, उनकी समस्या सुनीं और जिलाधिकारी को समाधान करने का निर्देश दिया। अधिकारियों से आपणी मेले में भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली और साथ ही जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं हो। उन्हें जलाभिषेक करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ख्याल रखें। सावन माह में मुख्यमंत्री का यह निरीक्षण व निर्देश पूरे राज्य के अलग-अलग जिलाधिकारी के अवसाध सभी आपणी मेले की व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण है। इन दिनों राजधार के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मुख्यमंत्री ने नवादार क्षेत्र के समग्र विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों के आवश्यक निर्देश दिए।

योजना तथा वास्तुकला विद्यालय, विजयवाड़ा
School of Planning and Architecture, Vijayawada
An Institute of National Importance, Ministry of Education, Govt. of India
Survey No 104, BT Road, Vijayawada - 520 008, AP, India
No. 01/SPA/Acad./PG-SPOT ROUND/2025-26 Date:30.07.2025
NOTIFICATION FOR SPOT ROUND (through Direct Admissions) including sponsored category seats for Post Graduate Programmes for the Academic Year 2025-26
SPA, Vijayawada announces Direct Admissions to Master's Degree in Architecture, Planning, Building Engineering & Management and Design in "SPOT ROUND -(through Direct Admissions) including sponsored category seats for Post Graduate Programmes for the Academic Year 2025-26". For further details, fees, admission and application process, please visit our website www.spav.ac.in
Sd/- Registrar

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, कुर्ला- 768020, जिला-झारसुगुडा, ओडिशा
दूरभाष (ऑफिस) : 06655-242441 से 46, वेबसाइट : www.mahanadicoal.in
सूचना
खदानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in, संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध हैं। R-5265

राजस्थान से लाए खास लाल पत्थर से तैयार होगा पुनौराधाम में मां जानकी मंदिर

राज्य ब्यूरो, जागरण• पटना: अयोध्या में श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बिहार में सीतामढ़ी जिला अंतर्गत पुनौराधाम में मां जानकी के भव्य मंदिर के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पूरे मंदिर का निर्माण ठोस किस्म के बीज स्टोन (बलुआ पत्थर) से होगा। इन पत्थरों का रंग लाल होगा। सभी पत्थर राजस्थान के बंसी पहाड़पुर से मंगाए जा रहे हैं। इससे पूरे मंदिर का स्वरूप एक समान दिखेगा। पर्यटन विभाग के स्तर से टेंडर निकालकर इसके निर्माण से संबंधित गतिविधि शुरू कर दी गई है। मंदिर के करीब 11 महीने में तैयार हो जाने की संभावना है। पहले से मौजूद पौराणिक मंदिर के पास से 67 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर नए मंदिर परिसर का निर्माण कराया जाएगा। इस विशाल परिसर में 151 फीट ऊंचाई का भव्य मंदिर तैयार होगा। साथ ही इस क्षेत्र में पर्यटन की दृष्टि से अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

इस अद्भुत मंदिर के निर्माण पर 882 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत आने की संभावना है। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम पर इसके देखरेख की पूरी जिम्मेदारी है। मौजूदा कार्ययोजना के मुताबिक, मंदिर की बनावट संरचना पर भी 137 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च होगा। मां जानकी कुंड का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। नए परिसर में मुख्य मंदिर के अलावा अन्य कई तरह की पर्यटकीय सुविधाओं के निर्माण करने की योजना है।

कोर्ट ने पुलिस मुठभेड़ में मौत की जांच सीबीआइ को सौंपी

- सासाराम में पुलिस कार्रवाई में हुई थी युवक की मौत
- पुलिस ने इन घटनाओं से जुड़े तीन एफआइआर दर्ज किए थे

विधि संवाददाता, जागरण• पटना : पटना हाई कोर्ट ने सासाराम में हुई पुलिस कार्रवाई में युवक की मौत और उससे जुड़े मामलों की जांच की जवाबदेही सीबीआइ को सौंप दी है। न्यायाधीश संदीप कुमार की एकलपीठ ने एक आदेश मृतक के भाई रणा राहुल रंजन को याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की थी।

याचिकाकर्ता के मुताबिक, 27 दिसंबर 2024 की रात करीब 10 बजे सासाराम के पीर बाबा मोहल्ले में जन्मदिन पार्टी के दौरान उनके छोटे भाई ओमप्रकाश को पुलिस अधिकारियों की गोलीबारी में चोट दी गई थी। आरोप है कि डिप्टी एसपी (ट्रैफिक) आदित्य बिलाल और उनके बाडीगार्ड चंद्रमोहनी नागिया ने शराब पीने का आरोप लगाते हुए मौके पर मौजूद युवकों से धन की मांग की। विरोध करने पर फायरिंग कर दी। घटनास्थल से शराब की बोतलें और हथियार भी बरामद हुए। पुलिस ने इन घटनाओं से जुड़े कुल तीन एफआइआर दर्ज किए। एक डिप्टी एसपी के बाडीगार्ड की शिकायत पर, दूसरी थानाध्यक्ष की खुद की कथित बयानदारी पर और तीसरी मृतक के भाई की ओर से हुई। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि शुरुआती तीनों एफआइआर पुलिस अधिकारियों ने खुद को बचाने के मकसद से दर्ज की थीं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि मामले के आरोपी सबसे पुलिस अधिकारी हैं और जांच में गंभीर खामियां व पक्षपात सामने आए हैं, इसलिए इसकी निष्पक्ष एजेंसी के घेरे में है।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
आपकी प्रगति का सपना हमारी लिए people to grow with
केंद्रीय कार्यालय : 763, अण्णा सालै, चेन्नै – 600 002
कंपनी सचिव की भर्ती ग्रेड VI-डीजीएम स्तर पर
(आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाया गया)
इण्डियन ओवरसीज़ बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक जिसका मुख्यालय चैन्नै में है और जिसकी भौगोलिक उपस्थिति पूरे भारत और विदेशों में है, रिश्वावत पात्रता मानदंडों के अनुसार योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। कृपया बैंक की वेबसाइट www.iob.in पर "करियर" पृष्ठ देखें। ऑनलाइन आवेदन करें।
ऑनलाइन पंजीकरण: अंतिम तिथि 04.08.2025 तक बढ़ा दी गई है।

सी. बी. नागेश एसोसिएट्स
एडवोकेट्स
वेकेन्सी सूचना
हमारे ग्राहक मेसर्स पीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर एलएलपी (फर्म) "ग्रेनजी इन्फ्रास्ट्र" के निदेशकों का प्रबंधन करता है, जो श्री अनील हसन ग्रेनजी के पारिवारिक कार्यालय द्वारा लिए गए निवेशों का व्यवसायिक नाम है।
कुछ लोग ग्रेनजी इन्फ्रास्ट्र की स्थिति का लाभ उठाते हुए फर्जी वेबसाइट, व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया और मोबाइल एप्लिकेशन बनाकर और कुछ प्रचार सामग्री का उपयोग करके, खुद को हमारी पुराबिल फर्म का प्रतिनिधि बताकर, भोले-भाले लोगों को हमारी फर्मों/कंपनियों में निवेश करने और मुनाफा कमाने के लिए लुभा रहे हैं। धोखेबाजों द्वारा लिए गए मोटाबाबी के सुरमों की जानकारी मिलने पर, हमारे मुवक्किल ने दुष्ट मिलिन्दकों (चोरी चाहिए) को सूचित किया और एन्फोर्स कानून अपराध रिपोर्ट पोर्टल पर शिकायतें भी दर्ज कराई। इसके बाद, 18 जुलाई 2025 को हमारे मुवक्किल ने धोखेबाजों के विरुद्ध एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई है और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और अन्य संबंद्ध अपराधों के प्रावधानों के तहत पूर्वी सीईएन पुलिस स्टेशन, केरलम द्वारा एक प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज की गई है और हमारी जांच चल रही है।
आम जनता को सलाह दिया जाता है कि वे ऐसी फर्मों और व्यक्तियों कर्मों से कोई मुलाकात/निवेश न करें और यदि वे पहले से ही ऐसे धोखेबाजों के शिकार हो चुके हैं, तो उसकी सूचना पूर्वी नोर्टेल पुलिस स्टेशन, केरलम को दें। नाता
(राजेश के)
सी.बी. नागेश एसोसिएट्स,
एडवोकेट,
केरलम
633, गंगे, पाताल्लम मंदिर वार्ड,
कल्लम्पुडी, कैलोर-680041
फोन: 26577424; टेली. फैक्स: 26578656
ई-मेल: admin@cbnaiseshassociates.com
Date: 29-07-2025

BIHAR STATE MILK CO-OPERATIVE FEDERATION LTD.
बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि०
UNIT : JAMSHEDPUR DAIRY, POST: SAKCHI, JAMSHEDPUR-831001, JHARKHAND
TELIPHONE : 91-657-2201907, 2201836, 2200015 | E-MAIL : jamshedpurdairy@gmail.com
AN ISO 22000 : 2018 CERTIFIED ORGANIZATION
कम्पोजिट-कोड-जमशेदपुर: 1486 निविदा सूचना दि०-नं० 28.07.2025
निम्नलिखित कार्यों के लिए रैपी संवेदक निबंधन निबंधन बिहार/झारखंड सरकार के अन्तर निर्माण विभाग/राजीव कार्य विभाग/उद्योग संसाधन जिला या कॉन्ट्रेक्ट के अनुसार श्रेणी में है, से मुहरबन्द निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कॉन्ट्रेक्ट को छोड़कर अन्य विषयों में निर्धारित संवेदकों को पंजीयन पत्र के साथ यह उपलब्ध पत्र अन्तर होगा कि उनके द्वारा विगत पांच वर्षों में नीचे दर्शाकिया कार्यों के लागत का जिसके लिए निविदा दे रहे है या उससे अधिक का कार्य के काम को अलग-अलग समान प्रकृति का (पंजीयन निर्माण कार्य) कार्य अवश्य पूरा किया गया हो। इस संबंध के लागत में परिवर्तन जिला निर्धारित नहीं किया जाएगा।
परिमाण विवरण बहालियाबारी के कार्यालय/कॉन्ट्रेक्ट वेब साइट (www.sudbha.com) से दिनांक 16.08.2025 के 3.00 बजे अपराह्न तक क्रय किया जा सकता है। टेंडर बाइट के डाउनलोड किये गए तारीख दिन का मूल्य डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि०, जमशेदपुर के नाम से देय होगा। निविदा निर्माण शाख पर कुरियर द्वारा भेजे जाने पर ही स्वीकार की जाएगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 18.08.2025 से (5.00 बजे तक) होगी। प्राप्त निविदाएँ निविदादाता या उनके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 20.08.2025 को 11.30 बजे दुपहर में खोली जाएगी। निबंधन निर्माण शाख या अन्य निविदा के लिए कॉन्ट्रेक्ट विभाग नहीं होगा। कॉन्ट्रेक्ट के संवेदकों को केवल कम्प संवेदकों को निविदा प्रपत्र के साथ फर्म सत्यापत्र तथा डी०एल०सी०, पैन निबंधन, मुल्यांकन प्रमाण-पत्र, पावरलिफ्ट पंजीकरण की प्रति अनिवार्यतः प्रति संलग्न करना होगा अन्यथा इनके द्वारा भरे निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा की प्रति मद्रे के बाद करने का अधिकार कॉन्ट्रेक्टर सुरक्षित रहेगा।

क्रम सं०	कार्य का नाम	अग्रिम राशि (रू० में)	बयाना की राशि (रू० में)	परिमाण विवरण का मूल्य (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि
01	जमशेदपुर डेयरी, जमशेदपुर में बॉक्स-कलवर्ट बनाना कम के लिए पोटर्कोर्ट का निर्माण कार्य।	5,34,897.00	10,700.00	1250.00	04 (चार) माह

मुख्य कार्यपालक, जमशेदपुर डेयरी

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना
लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से
एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित
एनबीसीसी NBCC नवरत्न सीपीएसई
ASPIRE
ई-नीलामी के माध्यम से इन्वेंट्री बल्क सेल
जीवन भर की यादों के लिए तैयार
ईएमडी जमा करने की अंतिम तारीख 11.08.2025
ईएमडी शुल्क: ₹41.75 करोड़
एस्पायर लीज़र वैली
पैकेज - 2
फेज- II, ग्रेटर नोएडा (पश्चिम), उत्तर प्रदेश
आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य 3BHK अपार्टमेंट्स
प्रसिद्ध स्कूलों और अस्पतालों के निकट
आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट की दूरी पर
ई-नीलामी दिनांक 12.08.2025 को आयोजित की जाएगी
कृपया ई-नीलामी प्रक्रियाओं के लिए इस मानुवार को स्कैन करें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
9772907414
कृपया प्रोफेशन के लिए मानुवार स्कैन करें।

****